# 2024

## HINDI

## ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–4026

**( हिन्दी कथा साहित्य )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'परीक्षागुरु' उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं?

(ख) किसी एक तिलस्मी-ऐयारी उपन्यास का नाम लिखिए।

(ग) 'सेवासदन' उपन्यास को उर्दू में किस नाम से लिखा गया था?

(घ) फणीश्वर नाथ 'रेणु'-कृत किसी एक आंचलिक उपन्यास का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'शेखर : एक जीवनी' नामक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं?

(च) प्रेमचंद-पूर्व किन्हीं दो मौलिक कहानीकारों के नाम लिखिए।

(छ) 'ठाकुर का कुआँ' शीर्षक कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(ज) 'शेरा' किस कहानी का पात्र है?

(झ) मुन्नी के बड़े भाई का नाम क्या है?

(ञ) 'पूस की रात' कहानी में उल्लिखित कुत्ते का नाम क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) उपन्यास की एक परिभाषा दीजिए।

(ख) कहानी के किन्हीं दो तत्त्वों के नामोल्लेख कीजिए।

(ग) "तेरी कुड़माई हो गई?" यह कथन किसने किससे कहा था?

(घ) 'आपका बंटी' उपन्यास के दो पुरुष पात्रों के नाम लिखिए।

(ङ) प्रमोद की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्रेमचंदयुगीन हिन्दी उपन्यासों पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'त्यागपत्र' उपन्यास के नामकरण पर विचार कीजिए।

(ग) 'आपका बंटी' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'हार की जीत' कहानी के संदेश का खुलासा कीजिए।

(ङ) मिस पाल की किन्हीं पाँच चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) 'पिता' कहानी में चित्रित पिता और पुत्र के संबंधों को स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जब आदमी एक जगह धोखा खाता है तो उसे लगता है, सब जगह धोखा ही धोखा है। पर ऐसा होता नहीं है।

अथवा

विवाह की ग्रंथि दो के बीच की ग्रंथि नहीं है, वह समाज के बीच की भी है। चाहने से ही वह क्या टूटती है? विवाह भावुकता का प्रश्न नहीं व्यवस्था का प्रश्न है।

(ख) प्रेमचंदोत्तर-युग के उपन्यास-साहित्य का परिचय दीजिए।

अथवा

प्रेमचंद-युगीन हिन्दी कहानी की विकास-यात्रा पर एक लेख लिखिए।

(ग) कथानक एवं भाषा-शैली की दृष्टि से 'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा कीजिए।

अथवा

कथानक एवं उद्देश्य की दृष्टि से 'पूस की रात' कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

(घ) 'त्यागपत्र' उपन्यास की नायिका की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

मनोवैज्ञानिक कहानी के रूप में 'पाजेब' कहानी की समीक्षा कीजिए।

★★★